प्रेस नोट संख्या- 21
दिनांक- 11.04.2026
सराहनीय कार्य अमेठी पुलिस

“ऑपरेशन चक्रव्यूह” अभियान के तहत थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा 01 किलो 250 ग्राम स्मैक (अनुमानित कीमत 02 करोड़ रुपये) के साथ अन्तर्राज्यीय 02 तस्कर गिरफ्तार, घटना में प्रयुक्त 01 कार, 02 मोबाइल फोन, विभिन्न बैंकों के 12 एटीएम कार्ड व 4750/- रुपये नकद बरामद।

पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री सरवणन टी. के निर्देशन में एवं अपर पुलिस अधीक्षक अमेठी श्री ज्ञानेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों की धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे **“ऑपरेशन चक्रव्यूह”** अभियान के तहत दिनांक 11.04.2026 को क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना श्री अतुल कुमार सिंह के कुशल नेतृत्व में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा संदिग्ध व्यक्तियों, वस्तुओं एवं वाहनों की चेकिंग की जा रही थी तभी वाराणसी की तरफ से एक संदिग्ध कार आती हुई दिखाई दी जिसे रुकने का इशारा किया गया तो कार सवार भागने का प्रयास करने लगे जिन्हें पुलिस टीम द्वारा घेरकर पकड़ लिया गया। चालक ने अपना नाम अजीत गुप्ता पुत्र स्व0 नरेश गुप्ता निवासी ग्राम नावाडीह थाना पथलगड्डा जनपद चतरा राज्य झारखंड उम्र 27 वर्ष, तथा दूसरे ने अपना नाम सोनू कुमार साहू पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम सजवी जोरी थाना वशिष्ठ नगर जनपद चतरा राज्य झारखण्ड उम्र करीब 30 वर्ष बताया। तलाशी से अजीत गुप्ता के कब्जे से 150 ग्राम स्मैक बरामद हुआ एवं कार की तलाशी से 1100 ग्राम स्मैक बरामद हुआ। स्विफ्ट कार सं0 JH 02 AV 4416 के कागजात मांगने पर दिखा न सके।

पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि **वे झारखण्ड से स्मैक खरीदकर उ0प्र0 के बरेली, लखनऊ, बाराबंकी, रायबरेली, अमेठी में बेच देते हैं। आज उनकी बरेली की एक पार्टी से बात हुई थी जिसे स्मैक देने के लिये रायबरेली बुलाया था। भागने का कारण पूछने पर बताया कि उनके पास स्मैक होने के कारण मेन रोड न पकड़ कर सिंगल रोड से जा रहे थे। पुलिस की चेकिंग देखकर पकड़े जाने के डर से भाग रहे थे। स्मैक लाने व ले जाने के लिये बरामद इसी कार का प्रयोग करते है।** पकड़े गये अभियुक्तों के आपराधिक इतिहास की जानकारी उनके मूल निवास के थाने से की जा रही है। गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मुसाफिरखाना पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

गिरफ्तार अभियुक्तों का नाम व पता–

- अजीत गुप्ता पुत्र स्व0 नरेश गुप्ता निवासी ग्राम नावाडीह थाना पथलगड़डा जनपद चतरा राज्य झारखंड उम्र 27 वर्ष।
- सोनू कुमार साहू पुत्र राम चन्द्र निवासी ग्राम सजवी जोरी थाना वशिष्ठ नगर जनपद चतरा राज्य झारखण्ड उम्र करीब 30 वर्ष।

बरामदगी-

- कुल 01 किलो 250 ग्राम स्मैक। (अनुमानित कीमत 02 करोड़ रुपये)
- 01 स्विफ्ट कार सं0 JH 02 AV 4416 (स्मैक परिवहन में प्रयुक्त)
- 02 मोबाइल फोन, विभिन्न बैकों के 12 क्रेडिट/डेबिट कार्ड, 4750/- रुपये नकद।

पुलिस द्वारा की गयी कार्यवाही-

1. मु0अ0सं0 65/26 धारा 8/21 एनडीपीएस एक्ट थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. 01 स्विफ्ट कार सं0 JH 02 AV 4416 (207 एमवी एक्ट)

गिरफ्तार करने वाली टीम-

1. श्री विवेक कुमार सिंह प्रभारी निरीक्षक थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
2. नि0 संजीव कुमार थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
3. उ0नि0 गोपाल मणि मिश्र थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
4. हे0का0 हेमन्त यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।
5. का0 अजय कुमार यादव थाना मुसाफिरखाना जनपद अमेठी।

अभियुक्त सोनू का आपराधिक इतिहास-

1. मु0अ0सं0 13/19 धारा 8/21 एनडीपीएस थाना वशिष्ठ नगर जनपद झारखण्ड।
2. मु0अ0सं0 33/24 धारा 8/21 एनडीपीएस थाना वशिष्ठ नगर जनपद झारखण्ड।